वर्ष	राशि (लाख रु०)
1994-95	157.00
1995-96	111.00
1996-97	173.00

(ख) 1997-98 के दौरान राज्य को जारी की जाने वाली प्रस्तावित निधियों की जानकारी देना अभी संभव नहीं है।

(ग) और (घ) केन्द्रीय सड़क निधि से निधियों का आबंटन विभिन्न राज्यों की जमा राशि, स्वीकृत स्कीमों और वित्त मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई निधियों को ध्यान में रखते हुए एकमुश्त आधार पर किया जाता है।

पंजाब में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने पुलों की खस्ता हालत

1890. **श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण:** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजाब राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने कुल कितने पुल पिछले पांच वर्षों के दौरान वर्ष-वार टूटे हैं या नाजुक स्थिति में हैं;

(ख) उनमें से कितने पुलों की मरम्मत कर दी गयी है और शेष पुलों की मरम्मत कब तक कर दी जायेगी; और

(ग) वर्ष 1995-96 और 1996-97 के लिए इस कार्य हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गयी है और उसमें से कितनी धनराशि खर्च कर दी गयी है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकट-रामन): (क) और (ख) वर्ष 1993-94 के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर एक पुल बाढ़ में बह गया था जिसका पुनर्निर्माण कर दिया गया है। इसके अलावा गत पांच वर्षों के दौरान 20 पुलों में मामूली टूट-फूट भी देखी गई जिनमें से 14 पुलों की मरम्मत कर दी गई है और शेष पुलों की मरम्मत दिसम्बर, 1997 तक कर दिए जाने का लक्ष्य है।

(ग) पंजाब राज्य को पुलों सहित रख-रखाव और मरम्मत के लिए आबंटित समग्र राशि और व्यय इस प्रकार है:—

(लाख रु०)

वर्ष	रख-रखाव एवं मरम्मत	व्यय
1995-96	770.72	957.71
1996-97	1000.13 (12/96 तक)	561.13 (1/97 तक)

World Bank Loan for Road Projects of Andhra Pradesh

1891. DR. Y. LAKSHMI PRASAD: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether certain proposals for road projects in Andhra Pradesh for World Bank loan are pending with the Central Government;

(b) if so, the details of these proposals and funds required therefor;

(c) whether there is any proposal for execution of these projects by Private Sector under BOLD Scheme; and

(d) if so, details of the scheme drawn up in this regard?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T.G. VENKATRAMAN): (a) and (b) Government of Andhra Pradesh have proposed loan assistance from the World Bank in respect of improvement of about 1400 kms of State Roads costing about Rs. 1400 crores, to be taken up in phases. These are under discussions with the World Bank.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.